318

SSLC MODEL EXAMINATION—FEBRUARY, 2012

HINDI

Time: 1½ hours *Total Score*: 40

सामान्य निर्देशः

- पंद्रह मिनट 'कूल ऑफ टाइम' दिया जाएगा।
- यह प्रश्न-पत्र के वाचन तथा लिखने की पूर्व तैयारी का समय है। इस समय कुछ भी न लिखें।
- दो प्रश्न विकल्प हैं।

खंड (क)

1. घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें। 2

(अ) बाबूलाल तेली लिफ़्ट की लाइन में खड़ हो गए।

(आ) बाबूलाल तेली रूमाल से नाक पकड़े रिसेप्शन पर पहुँचे।

(इ) बाबूलाल तेली, लालूराम तेली के अस्पताल पहुँचा।

(ई) सातवें माले पर विशेषज्ञ था।

2. निम्नांकित चरित्रगत विशेषताओं से डौली की विशेषताएँ चुनें। इनका आधार क्या है ? 3

- जीव-जंतुओं के प्रति सहानुभूति रखनेवाली ।
- खेल में तत्पर रहनेवाली।
- पिल्लों से डरनेवाली।

3. सही मिलान करें। 2

(अ)	(आ)
Health Insurance	कुंजी पटल
Telecommunication	प्रयोगशाला
Laboratory	स्वास्थ्य बीमा
Key Board	दूरसंचार

11/33/2012.

4. सुप्रसिद्ध पहलवान गामा ने फारसी पत्रकार से ऐसा क्यों कहा- 'मुझे लगता है, आप हिंदुस्तानी नहीं हैं' । 2

5. अपने पालित जीव-जंतुओं के पार्थिव अवशेष महादेवी वर्मा गंगा को समर्पित करती थी । महादेवी वर्मा के इस व्यवहार के पीछे कौन-सी भावना है ? 2

6. नाँव में बढ़नेवाले पानी से घर में बढ़नेवाले दाम की तुलना कबीरदास क्यों करते हैं ? 2

सूचनाः प्रश्न संख्या 7 और 8 में से किसी एक का उत्तर लिखें। 3

7. प्रदूषण के कारण नदी आसन्न मृत्यु के डर में है। इस हालत में नदी और उसके किनारे रहनेवाले किसान के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

8. राँची में हाथी से हुए निर्दय व्यवहार के बारे में जानकर एक पत्रकार गाँव के मुखिया से साक्षात्कार लेने पहुँचता है। साक्षात्कार के लिए आवश्यक प्रश्नावली तैयार करें।

सूचनाः 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। 4×2 = 8

9. मान लें, रिटायर होने के पहले गजाधर बाबू अपने सेवक गणेशी की सेवा के बारे में अपनी पत्नी को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें।

10. 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।'-आज मनुष्यता नष्ट हो रही है। परंतु समाज की प्रगति के लिए मनुष्यता का होना ज़रूरी है । इसपर अपना मत व्यक्त करते हुए एक लेख तैयार करें ।

11. सालों पहले सकुबाई अपनी माँ के साथ मुंबई चली जाती है । उस समय सकुबाई की छोटी बहन वासंती दुखी होकर उन दोनों को देखती रही । वासंती के उस दिन की डायरी लिखें ।

खंड (ख)

12. शहर की सड़कों के किनारे कूड़े-कचड़े फेंकनेवालों को चेतावनी देनेवाली एक उद्घोषणा तैयार करें । 2

13. आजकल वृद्धजनों का अकेलापन बड़ी समस्या बन गया है । उनके आत्मसम्मान को सुरक्षित रखने की सूचना देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें । 2

सूचनाः कविता पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखें ।

मैंने कलियों के साथ
जब मेरा चंचल बचपन था
महा निर्दयी मेरा मन था
अत्याचार अनेक किए थे
कलियों को दुख दीर्घ दिए थे
तोड़ उन्हें बागों से लाता
छेद छेदकर हार बनाता ।

[हरिवंशराय बच्चन]

[बाग-बगीचा, निर्दयी-दयाहीन]

14. कवि ने बचपन में किसको दुख दिया था ? 1

[फूलों को, बागों को, कलियों को, हार को]

15. कवि किसप्रकार हार बनाते थे ? 1

16. कविता का भाव लिखें । 2

खंड (ग)

17. संशोधन करें । 2

गाय पालतू जानवर है । उसका दोनों आँख बड़ी होते हैं ।

18. वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य में लिखें। 2

* वह तितली है ।
* तितली सुंदर है ।
* तितली फूल पर बैठती है ।
* वह मधु पीती है।

19. दो उचित योजक चुनकर भाषणांश के वाक्यों को मिलाएँ। 2

(इसलिए, क्योंकि, और)

हमारी संस्कृति निराली है। / हमारी सभ्यता निराली है । हमें अपनी परंपरा पर गर्व करना चाहिए । / यह विश्व के लिए मार्गदर्शक रही है ।

20. उचित स्थान पर संज्ञा और विशेषण शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें । 2

(हरी, बड़ी, शीतल, पहाड़)

ऊँचे/पर चढ़ते-चढ़ते/ थकावट हुई। परंतु वहाँ की/ घासों और/
हवा ने हमको पहाड़ की ओर आकर्षित किया।